AE-2026-HIN

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना, बिहार

वार्षिक मूल्यांकन– 2026

प्रश्न–पत्र

कक्षा–VII | विषय– हिन्दी

समय– 2 घंटे | पूर्णांक–50

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

---

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। $5 \times 2 = 10$

[नीलकंठ, पंचरतन कुँवर, लोकमाता, पोलियो, द्रोणाचार्य]

(i) काका कालेलकर ने नदियों को .... कहा है।
(ii) यासुकी–चान को .... था।
(iii) नीलाभ ग्रीवा के कारण मोर का नाम .... रखा गया।
(iv) वीर कुँवर सिंह की माता का नाम .... था।
(v) अश्वत्थामा के पिता का नाम .... था।

2. स्तम्भ 'अ' से स्तम्भ 'ब' का सही–सही मिलान कीजिए। $5 \times 2 = 10$

स्तम्भ 'अ'	स्तम्भ 'ब'
(i) 'वीर' का विलोम शब्द	(a) कड़वी
(ii) 'रात' का पर्यायवाची शब्द	(b) चुगली करना
(iii) जिसकी ग्रीवा सुंदर हो।	(c) कायर
(iv) 'कटुक' का अर्थ है।	(d) निशा
(v) 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ है।	(e) सुग्रीव

3. दिए गए कथनों में सही के सामने (✓) एवं गलत के सामने (✕) का निशान लगाइए।

$5 \times 2 = 10$

(i) 'कठपुतली' शीर्षक पाठ एक कविता है। ☐
(ii) 'भोर और बरखा' शीर्षक कविता के कवि सूरदास हैं। ☐
(iii) बहादुरशाह ज़फ़र भारत के अंतिम मुगल शासक थे। ☐
(iv) धनराज पिल्लै क्रिकेट के सुप्रसिद्ध खिलाड़ी थे। ☐
(v) अज्ञातवास के समय युधिष्ठिर का नाम 'कंक' था। ☐

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $2 \times 5=10$

(i) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?
(ii) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन–कौन सी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया ?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $1\times10 = 10$

(i) जाली के बड़े घर में पहुँचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ ?

अथवा

'भोर और बरखा' शीर्षक कविता के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।